Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Tear Here

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 11

**SS–10–Economics**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2023

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2023

## अर्थशास्त्र

## ECONOMICS

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनिट**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidates must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer-sheet only.

यहाँ से काटिए

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

6) **प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any kind of error / difference / contradiction in the Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

7) **प्रश्न क्रमांक 21 से 23 में आन्तरिक विकल्प हैं। किसी एक विकल्प को हल कीजिए।**

Question Nos. **21** to **23** have the internal option. Attempt any one option.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**1)** बहुविकल्पी प्रश्न :

Multiple choice questions:

i) समष्टि अर्थशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र है – **[1]**

अ) उपभोक्ता की रूचि ब) एक फर्म का व्यवहार

स) वस्तु की कीमत द) सामान्य कीमत स्तर

The study area of macro economics is -

A) Taste of consumer B) Behaviour of a firm

C) Price of commodity D) General price level

ii) पूँजी को उसके उपयोग के बदले प्राप्त होता है – **[1]**

अ) लगान ब) ब्याज

स) मजदूरी द) लाभ

Capital received in returns for its use -

A) Rent B) Interest

C) Labour D) Profit

iii) भारत में सकल राष्ट्रीय उत्पाद का आकलन करता है – **[1]**

अ) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ब) नीति आयोग

स) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द) वित्त आयोग

Calculate the Gross domestic product in India -

A) Reserve Bank of India

B) Niti Aayog

C) Central Statistical Organization

D) Finance Commission

iv) डिजिटल भुगतान का सरल तरीका है – **[1]**

अ) ई–वॅलेट्स ब) चैक

स) ड्राफ्ट द) बैंक पास बुक

Easy form of digital payment mode is -

A) e-wallets B) Cheque

C) Draft D) Bank passbook

v) बैकों के लिए अंतिम ऋणदाता होता है – [1]

अ) सरकार    ब) केन्द्रीय बैंक

स) ग्राहक    द) वाणिज्यिक बैंक

Lander of last resort for banks is -

A) Government    B) Central bank

C) Consumer    D) Commercial banks

vi) प्रेरित उपभोग (cY) निर्भर करता है – [1]

अ) ब्याज पर    ब) आय पर

स) कीमत स्तर पर    द) करों पर

Induced Consumption (cY) is depends -

A) On Interest    B) On Income

C) On Price Level    D) On Taxes

vii) केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण निर्णय कौन लेता है – [1]

अ) सरकार    ब) बाजार

स) बैंक    द) उपभोक्ता

Who takes important decisions in centrally planned economy -

A) Government    B) Market

C) Bank    D) Consumer

viii) निम्नलिखित में निम्नस्तरीय वस्तु का एक उदाहरण है – [1]

अ) आभूषण    ब) आधुनिक पोशाक

स) मोटा अनाज    द) स्मार्ट फोन

An example of inferior goods in follows -

A) Jewellery    B) Modern dress

C) Coarse cereals    D) Smart phone

ix) उत्पादन फलन को व्यक्त कर सकते हैं – [1]

अ) $q=f(L,K)$ ब) $q=f(L+K)$

स) $q=f(L-K)$ द) $q=f(L\div K)$

Production function shows as -

A) $q=f(L,K)$ B) $q=f(L+K)$

C) $q=f(L-K)$ D) $q=f(L\div K)$

x) कुल लागत और कुल परिवर्ती लागत के मध्य अंतर होता है – [1]

अ) औसत लागत के बराबर ब) सीमांत लागत के बराबर

स) औसत स्थिर लागत के बराबर द) कुल स्थिर लागत के बराबर

Difference between total cost and total variable cost is -

A) Equal to Average cost B) Equal to marginal cost

C) Equal to Average fix cost D) Equal to total fix cost

xi) दीर्घकालीन औसत लागत वक्र को दीर्घकालीन सीमान्त लागत वक्र सदैव काटता है – [1]

अ) उच्चतम बिंदु पर ब) न्युनतम बिंदु पर

स) उच्चतम बिंदु से नीचे द) मध्य बिंदु से ऊपर

Long run average cost always intersect the Long run marginal cost at -

A) On higher point B) On minimum point

C) Below from higher point D) Above from mid point

xii) कौन–से बाजार में फर्मे सामुहिक लाभों के लिए 'कार्टेल' बना लेती हैं – [1]

अ) एकाधिकार ब) पूर्ण प्रतियोगिता

स) द्वयाधिकार द) अल्पाधिकार

In which market firms make 'cartel' to get combined profit -

A) Monopoly B) Perfect Competetion

C) Duopoly D) Oligopoly

**2)** **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

Fill in the blanks :

i) **एडम स्मिथ की प्रसिद्ध पुस्तक 'वेल्थ ऑफ नेशन्स' ................ वर्ष में प्रकाशित हुई।** **[1]**

Adam Smith's Famous book 'Wealth of Nations' published in year _______.

ii) **सकल निवेश से ................ घटाने पर निवल निवेश प्राप्त होता है।** **[1]**

Substract __________ from grass investment then get net investment.

iii) **प्रत्याशित समस्त माँग, कुल प्रत्याशित उपभोग व्यय और ................ का योग होती है।** **[1]**

The ex ante aggregate demand is the sum of the total ex ante consumption expenditure and ___________.

iv) **सड़के तथा सरकारी प्रशासन, जिन्हें ................ वस्तुएँ कहा जाता है।** **[1]**

Roads and government administration are called __________ goods.

v) **................ गैर–योजनागत राजस्व व्यय का एक सबसे बड़ा घटक है।** **[1]**

________ is the single largest component of non-plan revenue expenditure.

vi) **चाय व कॉफी जैसी वस्तुएँ ................ वस्तुओं का उदाहरण हैं।** **[1]**

Tea and coffee are just like example of ___________ goods.

**3)** **निम्न प्रश्नों के उत्तर 10 - 20 शब्दों में दीजिए :**

Answer the following questions in 10 - 20 words :

i) **निर्यात से आप क्या समझते हैं?** **[1]**

What do you understand by export?

ii) **स्टॉक को परिभाषित कीजिए।** **[1]**

Define stock.

iii) **बैंक दर से क्या अभिप्राय है?** **[1]**

What is meant by bank rate?

iv) **निर्गत गुणक का सूत्र लिखिए।** **[1]**

Write the formula of investment multiplier.

v) **उपभोग माँग सर्वाधिक किस पर निर्भर करती है?** **[1]**

What does consumption demand depend the most on?

vi) **करों में परिवर्तन से आय के संतुलन पर प्रभाव को रेखाचित्र से दर्शाइये।** **[1]**

Diagramatically show the effect of change in tax on the income equilibrium.

vii) पूँजी खाते से आपका क्या अभिप्राय है? **[1]**

What do you mean by capital account?

viii) गणनावाचक उपयोगिता विश्लेषण क्या है? **[1]**

What is ordinal utility analysis?

ix) अनधिमान मानचित्र से आप क्या समझते हैं? **[1]**

What do you understand by indifference map?

x) अल्पकाल को संक्षेप में समझाइये। **[1]**

Explain short run in brief.

xi) औसत स्थिर लागत की आकृति कैसी होती है? **[1]**

What is the shape of average fixed cost?

xii) कुल परिवर्ती लागत का रेखाचित्र बनाइये। **[1]**

Draw the diagram of total variable cost.

## खण्ड – ब

## SECTION - B

**निम्न प्रश्नों के उत्तर 30 – 40 शब्दों में दीजिए :**

Answer the following questions in 30 - 40 words :

**4)** दिये गए मूल्यों से बाजार कीमत पर सकल घरेलु उत्पाद की गणना कीजिए – (करोड़ में) **[2]**

C = 1,000, I = 1,500, G = 500, X = 250, M = 750

Calculate the gross domestic production on market price by given values - (In Crore)
C = 1,000, I = 1,500, G = 500, X = 250, M = 750

**5)** वस्तु विनिमय प्रणाली को समझाइये। **[2]**

Explain the barter system.

6) मितव्ययता के विरोधाभास से आप क्या समझते हैं? **[2]**

What do you meant by Paradox of thrift?

7) घरेलु क्षेत्र में उपभोग व्यय के वर्गीकरण को समझाइये। **[2]**

Explain the classification of consumption expenditure in domestic area.

8) सरकारी व्यय में परिवर्तन से संतुलन आय में होने वाले परिवर्तन को रेखाचित्र की सहायता से समझाइये। **[2]**

Explain the effect of change in government expenditure on the income equilibrium with the help of diagram.

9) यदि भारत के अदायगी– संतुलन के निम्न माप दिए है – **[1+1=2]**

आयात = 1,500 मि.डॉ., निर्यात = 2,400 मि.डॉ., अदृश्य मदे = 520, तो व्यापार संतुलन एवं चालु खाते का शेष की गणना कीजिए।

If given values of balance of payments in India as follows.

Import = 1,500 Million USD, Export = 2,400 Million USD, Invisibles = 520 then calculate trade balance and current account balance?

10) व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र में कोई दो अंतर लिखिए। **[1+1=2]**

Write any two differences between micro and macro economics.

11) बाजार अर्थव्यवस्था की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। **[1+1=2]**

Write any two characteristics of market economy.

12) सामान्य वस्तुएँ और निम्नस्तरीय वस्तुओं में भेद कीजिए। **[2]**

Distinguish between normal goods and inferior goods.

**13)** **उत्पादन फलन की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।** **[2]**

Explain briefly the production functions.

**14)** **पूर्ण प्रतियोगी बाजार में 'कीमत स्वीकारक व्यवहार' को समझाइये।** **[2]**

Explain the 'price taking behaviour' in perfect competetion market.

**15)** **मान लिजिए गेहूँ के लिए बाजार माँग वक्र तथा बाजार पूर्ति वक्र का मान क्रमशः** $q^D = 200 - p$, $q^S = 120 + p$ **है तो संतुलन कीमत तथा संतुलन मात्रा ज़ात कीजिए।** **[1+1=2]**

Suppose given values of market demand and market supply respectively are $q^D = 200 - p$, $q^S = 120 + p$: then calculate the equilibrium price and equilibrium quantity.

**16)** **नीचे दी गई सारणी से कुल संप्राप्ति की गणना कीजिए –** **[½+½+½+½=2]**

| मात्रा (Q) | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| कीमत (P) | 22 | 19 | 16 | 13 |
| कुल संप्राप्ति | ? | ? | ? | ? |

Calculate the total revenue by below given table -

| Quantity (Q) | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| Price (P) | 22 | 19 | 16 | 13 |
| Total Revenue | ? | ? | ? | ? |

## खण्ड – स

## SECTION - C

**निम्न प्रश्नों के उत्तर 60 – 80 शब्दों में दीजिए :**

Answer the following questions in 60 - 80 words :

**17) राजस्व घाटा, रोजकोषीय घाटा एवं प्राथमिक घाटा को समझाइये।** **[3]**

Explain the revenue deficit, fiscal deficit and primary deficit.

**18) 'वास्तव में अधिकांश अर्थव्यवस्थाएँ खुली हैं।' इसे स्थापित करने के तीन तरीकों का वर्णन कीजिए।** **[3]**

'In reality, most modern economics are open'. Describe any three ways to established it.

**19) उपभोक्ता के इष्टतम चयन को बजट रेखा कैसे नियमित करती है? समझाइये।** **[3]**

How to regulate budget line to consumer's optimum choice? Explain.

**20) एकाधिकारी फर्म के बाजार माँग वक्र को रेखाचित्र की सहायता से समझाइये।** **[3]**

Explain market demand curve of monopoly firm with the help of diagram.

## खण्ड – द

## SECTION - D

**निम्न प्रश्नों के उत्तर 100 – 150 शब्दों में दीजिए :**

Answer the following questions in 100 - 150 words :

**21) मुद्रा की पूर्ति में केन्द्रीय बैंक एवं व्यावसायिक बैंको की भूमिका की व्याख्या कीजिए।** **[4]**

Discuss the role of central bank and commercial banks in money supply.

अथवा/OR

**भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रा पूर्ति नियत्रंण के उपायों का वर्णन कीजिए।** **[4]**

Explain the measures of money supply control by Reserve Bank of India.

22) रेखाचित्र की सहायता से माँग के नियम की व्याख्या कीजिए। **[4]**

Explain law of demand with the help of diagram.

अथवा/OR

बाजार माँग को एक उपयुक्त रेखाचित्र की सहायता से समझाइये। **[4]**

Explain market demand with the help of a suitable diagram.

23) पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में 'उत्पादन बंदी बिंदु' को रेखाचित्र की सहायता से समझाइये। **[4]**

Explain the 'shutdown point' in perfect competetion market with the help of diagram.

अथवा/OR

निम्न स्थितियों में बाजार संतुलन में परिवर्तन को रेखाचित्र की सहायता से समझाइये। **[2+2=4]**

i) मांग में शिफ्ट ii) पूर्ति में शिफ्ट

Explain changes in market equilibrium in following conditions with the help of diagram -

i) Shift in demand ii) Shift in supply

✈ ✈ ✈

DO NOT WRITE ANYTHING HERE